# राजस्थान सरकार
## स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेलः–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईटः– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/17/14767 दिनांक :– 17/10/17

### आदेश

स्वच्छ सर्वेक्षण–2018 राज्य की समस्त 191 नगर निकायों मे दिनांक 4 जनवरी 2018 से प्रारम्भ होगा। पूर्व में इस हेतु दिशा–निर्देश जारी किये गये है। नगरीय निकायों को दिनांक 18.09.2017 को राज्य स्तरीय कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 हेतु विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारिया हेतु नगर निकायों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा एवं उनके आधार पर सेल्फ असेसमेंट हेतु क्षैत्रीय उपनिदेशक कार्यालय (डी.डी.आर) में निर्धारित टाईम लाईन के अनुसार निम्नानुसार वरिष्ठ अभियंताओं को उनके नाम के सम्मुख अंकित सम्भाग की नगर निकायों मे उक्त दिशा–निर्देशों के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित समस्त कार्यवाही की पोर्टल पर अपलोड करवाने हेतु निर्देशित किया जाता हैः–

| क.सं. | सम्भाग | बैठक दिनांक | निम्न अभियंता द्वारा डी.डी.आर की निकायों के अभियन्ताओं व संबंधित ऑपरेटर को बुलाकर स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित कार्य को करवायेगें। |
|---|---|---|---|
| 1. | भरतपुर | 30.10.2017 | श्री के.एल. मीणा, अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद, दौसा |
| 2. | उदयपुर | 31.10.2017 | श्री मनीष अरोडा, अधिशाषी अभियंता, नगर निगम, उदयपुर |
| 3. | जोधपुर | 25.10.2017 | श्री सुधीर माथुर, अधिशाषी अभियंता, नगर निगम, जोधपुर |
| 4. | अजमेर | 24.10.2017 | श्री केदार शर्मा, अधिशाषी अभियंता, नगर निगम, अजमेर |
| 5. | कोटा | 26.10.2017 | श्री प्रशांत भारद्वाज, अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद, झालावाड |
| 6. | जयपुर | 27.10.2017 | राजेश मीणा, अधिशाषी अभियंता, नगर निगम, जयपुर |
| 7. | बीकानेर | 01.11.2017 | श्री उपेन्द्र मीणा, सहायक अभियंता, नगर निगम, बीकानेर |

डी.डी.आर स्तर आयोजित उपरोक्तानुसार बैठको मे प्रमुखतया निम्न बिन्दुओ पर विशेष कार्यवाही की जानी हैः–

1. ओडीएफ वार्ड/शहर को पोर्टल पर अपडेट
2. 100% डोर–टू–डोर कलेक्शन हेतु व्यवस्था एवं पोर्टल पर अपलोडिंग
3. प्रोसेसिंग हेतु कम्पोस्टि पिट बनाने के कार्य को एक माह में पूर्ण कर उसको पोर्टल पर अपलोडिंग तथा कम्पोस्ट मशीनों का क्रय कर कचरे से खाद बनाने की योजना का अपलोडिंग।
4. स्वच्छता एप को डाउन लोड करवाकर उसके माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों का निवारण किया जाने का विवरण।
5. नगर निकायों के JE/SI/AE/XEn/SE/Commissioner को e-learning cources करवाये जाने का विवरण।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 से संबंधित दिशा–निर्देश सभी 191 नगर निकायों व उप निदेशक (क्षेत्रीय) कार्यालयो को ई–मेल व डाक से प्रेषित किये जा चुके है। उक्त समस्त अभियान्तगण संबंधित उप निदेशक (क्षैत्रीय) कार्यालय मे निर्धारित तिथि को उपस्थित रहकर उनके साथ समन्वय

स्थापित कर संबंधित नगर निकायों द्वारा की गई तैयारियों को स्वच्छ भारत मिशन के पोर्टल पर अपलोड करवाने में सहयोग करेगें तथा एक दिवस मे कार्य पूर्ण नही होने की स्थिति मे अगले दिवस को भी कार्य सम्पन्न किया जावें।

यहां यह उल्लेखनीय है, कि स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत किये गये कार्यो की सूचना पोर्टल पर अपलोड नही किये जाने के कारण निकायों द्वारा की गई कार्यवाही की प्रगति स्वच्छ भारत मिशन के पोर्टल पर नही दिखती है, जिससे राज्य की रेकिंग पर प्रतिकुल प्रभाव पड रहा है।

अभियन्तागण को संबंधित सम्भागीय मुख्यालय/उप निदेशक (क्षैत्रीय) कार्यालय की यात्रा प्राईवेट टेक्सी कार से करने व किराये का भुगतान सम्भाग की किसी भी नगर निकाय से करने की स्वीकृति एतदद्वारा प्रदान की जाती है।

उक्त आदेश तुरन्त प्रभाव से लागू होगें।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/ 16/ M768-15009
दिनांक :– 17/10/17

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग।
2. संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (SBM), आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली।
3. निजी सचिव, निदेशक एंव संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
4. निदेशक (स्वच्छता)
5. निजी सचिव, महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिका, समस्त राजस्थान।
6. जिला कलेक्टर समस्त राजस्थान।
7. मुख्य अभियंता, निदेशालय
8. मुख्य लेखाधिकारी, निदेशालय।
9. उप निदेशक (क्षैत्रीय) समस्त को भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार संबंधित से जानकारी स्वच्छ भारत मिशन के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की सूचना को संकलित कर निदेशालय को भिजवायें।
10. प्रोगामर निदेशालय विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया जाने हेतु।
11. टीमलीडर, पी.एम.यू. स्वच्छ भारत मिशन, जयपुर।
12. सुरक्षित पत्रावली।

अति मुख्य अभियंता

D:\Kala ji\Hindi Letter .docx